पृथककरण की स्थिति में शून्य में पहुँच जाता है। गॉधी चिन्तन में अधिकार की नहीं कर्तव्य की बात की जाती है। यह प्रश्न है कि जब औद्योगिकरण में आगे बढ़ने के बाद हम वापस कैसे लौटे ? परन्तु कहीं तो रूकना पडेगा, लौटना तो पडेगा। मार्श ने कहा कि मंदी , प्राकृतिक आपदा , साइबरक्राइम आदि के द्वारा जब थेडे लोग बेचेगें तो फिर गॉधी दर्शन की ओर लौटना पडेगा। गॉधी उत्तर आधुनिक विचारक हैं हर व्यक्ति का सत्य अलग–अलग है । गॉधी चिन्तन हरेक कर्तव्य की अन्तरात्मा पर बल देता है। भूमण्डलीकरण में अधिक उत्पादन करता है जिससे मनुष्य अनियंत्रित होता जाता जा रहा है। पर्यावरण असुतुलित होता जा रहा है।

मा. कुलपति प्रो. एम. पी. दुबे जी ने कहा कि द्वितीय विश्व के बाद तीन बातें मुख्यतः थी उनकी नीतिया भी एक सी होनी चाहिये। राज्य के द्वारा ही सारा विकास सम्भव है। यह चुनौती भूमण्डलीकरण के द्वारा है। गॉधी राज्य के विरोध में थे । भूमण्डलीकरण क्या है? किसे कहेगें। यह शब्द 1961 में सर्वप्रथम आया था। 1974 तक आलेखें में ही इसका प्रयोग हुआ। 1980 के दशक में इस शब्द का प्रयोग प्रत्येक पुस्तक , आलेख, पत्रिकाओं में हुआ।
जब दुनिया के अनेक समाज सीमा विहीन हो जाये उसे ग्लोबलाइजेशन माना गया। एक दुसरे के साथ जुड़ना अधिक होगा उतना अधिक ग्लोबलाइजेशन होगा। प्रक्रियाओं का अलग–अलग मतलब है। प्रत्येक विषय में ग्लोबलाइजेशन का अर्थ भिन्न–भिन्न है। जहॉ समाज एक दूसरे से जुड़ते जाए। ग्लोबलाइजेशन अलग–अलग तरह का है। संक्षेप में एक शब्द में कहना चाहें तो जब एक दिशा की बातें दूसरे जगह पहुँच जाये उसे ग्लोबलाइजेशल कहते हैं। बहुत कम नेता होते हैं जो राजनीति(स्ट्रैटजी) तथा अैक्टिस दोनों में माहिर हाते हैं । गॉधी जी इन दोनो में माहिर थे। गॉधी चिन्तन शांति अध्ययन के रूप में पूरे विश्व में फैला है।
कार्यक्रम के सारस्वत अतिथि प्रो. के. बी. पाण्डेय पूर्व कुलपति कानपुर विश्वविद्यालय,कानपुर जी ने कहा कि गॉधी न्याय, नैतिकता तथा सत्यनिष्ठा के धनी थे । उन्होने कहा कि गॉधी चिन्तन तथा भूमण्डलीकरण दोनो ही विषय में मैं छात्र के रूप में बैठना चाहता था। भारतीय चिन्तन कहता है कि व्यक्ति में ही क्यों प्रत्येक कण में खुदा का नूर है। भूमण्डलीकरण एक प्रश्न है कि सारे का प्राप्य क्या है पर हमारा लक्ष्य क्या है यदि पहले हम भूमण्डलीकरण से पहले यह चिन्तन कर लें कि हम भूमण्डलीकरण से क्या हमारा लक्ष्य पूर्ण होता है क्या आज का जो समाज है वह राजनीति से प्रभावित है। इसको देखकर साफ है कि दो चिन्तन है– गॉधी तथा नेहरू चिन्तन पर दोनो एक दूसरे

से बिल्कुल विपरीत हैं– हिन्द स्वराज। अनेक संस्मरणों के माध्यम से भूमण्डलीकरण तथा गंगा (पर्यावरण) के महत्व पर प्रकाश डाला। शिक्षा पर प्रकाश डाला। गॉधी जी ने स्पष्ट रूप से यह कहा था कि शिक्षा का व्यय भार उन्हें वहन करना चाहिए जिनके लिये तयार किया जाता है। हम सबके अन्दर गॉधी है। यह हम पर

निर्भर है कि हम गॉधी को कितना पोषित करते हैं। पूरी धरती पर हमारा ट्रस्टीशिप भी बताया था। वैश्वीकरण हमारी संस्कृति मे है। दूसरों को बचाकर अपनी आहूति देना ही वैश्वीकरण है। हमें वैश्विक दृष्टि से सोचना होगा। यू.एन.ओ. में सदस्यता का विस्तार होना चाहिए। पूॅजीवाद का विकल्प आवश्यक है। भारतवर्ष में अनेक देवता है किन्तु उनमें समन्वयवादी दृष्टिकोण है। हमारा चिन्तन ईश्वर से भी आगे है। मानसिक समन्वय है(एकं सत्विप्रा बहुधा वदन्ति) सामाजिक समन्वय ही सांस्कृतिक समन्वय ही वैश्वीकरण है। गॉधी जीवन की भाषण प्रतियोगिता नहीं अपितु जीने की प्रतियोगिता है।

प्रो. आर. पी. मिश्र पूर्व कुलपति इलाहाबाद विश्वविद्यालय इलाहाबाद जी ने कहा कि हम लोगों ने वैश्वीकरण को एक डाटा के रूप में ग्रहण किया है। वैश्वीकरण यदि अच्छी चीजों का हो तो अत्यन्त श्रेष्ठ है। समस्याएं बढ़ रही हैं मानवता घट रही है। ऐसा कोई नियम बनाना चाहिए कि व्यक्तिगत संपत्ति सामान्य इनकम से 50 गुना से अधिक नहीं होना चाहिए। अब युग आ गया है कि हम गॉधी जी के बताये रास्ते पर चलें।

प्रो. राजेन्द्र प्रसाद, कुलपति, इलाहाबाद राज्य विश्वविद्यालय,जी ने कहा कि ग्लोबलाइजेशन एवं ग्लोबलाइटी शब्दों के बीच द्वंद है। बाजार को जोड़ने तथा खोलने की प्रक्रिया आर्थिकी से जुडी है निश्चित रूप से ग्लोबलाइजेशन के सकारात्मक तथा नकारात्मक दोनो पक्ष है। विकसित राष्ट्रो ंके लिए आर्थिकी के द्वारा शासन शुरू हुआ इनसे चैलेन्ज उत्पन्न हुए आज के समय में मनुष्य और समाज की स्थिति है। गॉधी जी नैतिकता विहीन मनुष्यता के पक्षधर नहीं थे जितनी कम आवश्यकताएं होगीं समाज उतना ही अच्छा होगा। गॉधी जी का मानना था कि प्रकृति ने मनुष्य की आवश्यकता के लिए पर्याप्त दिया है परन्तु लाभ के लिए नहीं । सबल यदि साधनों का दोहन कर लेता तो निर्बलों में अक्षमता बढ़ती जायेगी निर्बलों को भी बराबरी का मौका मिले।

मा. न्यायमूर्ति श्री सुधीर नारायण जी कहा कि गॉधी जी की विचारधारा को नये संदर्भ में देखना होगा। आपने काटेज इन्डस्ट्रीज पर विचार व्यक्त किये । आज की समस्याओं तथा गॉधी विचारधारा को मिलाकर ही वर्तमान की समस्याओं के उपयुक्त होगा। जब हम सभी एकात्मता को अपनायेगे तभी गॉधी चिन्तन सही मायने में सार्थक सिद्ध होगा।

मा. न्यायमूर्ति श्री गिरिधर मालवीय जी कहा कि गॉधी जी का मानना है कि धन का बराबर बॅटवारा किया जाना चाहिए। गॉधी जी ने सदैव व्यर्थ होने वाली वस्तुओं पर विशेष ध्यान दिया। उपयोग की वस्तुओं में मितव्यतता रखी। वे औद्योगीकरण के सदैव विरोधी रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रख्यात गॉधीवादी चिन्तक एवं पूर्व सांसद प्रो. रामजी सिंह जी ने कहा कि गॉधी जी का जीवन जितना महत्वपूर्ण था, बलिदान उससे भी अधिक महत्तर था । वे भारत से अधिक विश्व के बारे में

सोचते थे। जब एक पत्रकार ने गाँधी जी पूछा कि क्या विश्व एक नहीं हो सकता तो उन्होने कहा यदि विश्व एक नहीं हो सकता तो हमारे जीने की कोई सार्थकता नहीं है। यदि हम मित्र बनकर नहीं रह सकते हैं तो हमारा अस्तित्व समाप्त हो जायेगा।वैश्वीकरण तथा वैश्विकता में अन्तर है। आज विज्ञान की दृष्टि से भी वैश्विकता के बिना नहीं रह सकते। गाँधी जी का एक वाक्य मनुष्य के लिए पृथ्वी ने बहुत कुछ दिया है परन्तु लोभ, लालच के लिए नहीं। आज सचमुच में हम संकीर्णन में हमारा मानस विज्ञान के साथ नहीं चल रहा है। वैश्विक फैशन नहीं अनिवार्यता है परन्तु खोई हुई वैश्विकता न तो वैश्विकता ळे और न हीं वैश्विकरण। मारीच स्वर्णयुग को देखकर माता सीता को भी लोभ हो गया था। बाजारवाद उर्फ वैश्वीकरण क्या गंभीर नहीं है । जी 8, जी20 की बैठकों में कहा गया है कि अपने स्टैण्डर्ड को कम करो । संकीर्ण राष्ट्रीयता विज्ञान विरूद्ध तो है ही आध्यात्म विरूद्ध भी है। निजीकरण, उदारीकरण तथा वैश्वीकरण में से निजीकरण क्या है। गाँधी जी कहते थे कि सभी संपत्ति ईश्वर की है जब तक व्यक्तिगत संपत्ति का समापन नहीं होगा। उन्होने कहा कि गाँधी जी का चिन्तन संपूर्ण विश्व एवं मानवता के कल्याण का चिन्तन था।

प्रो.(डॉ.) जी. एस. शुक्ल कुलसचिव, उ. प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय इलाहाबाद ने सभी अभ्यागत अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रामजी मिश्र जी ने किया। कुल 84 प्रतिभागियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

कार्यक्रम में समापन सत्र के मुख्य अतिथि प्रो. सुरेन्द्र वर्मा प्रो. (से.नि.), देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर, मध्य प्रदेश थे। उन्होने कहा कि भूमण्डलीकरण एवं बहुराष्ट्रीय उपनिवेशवाद है और गाँधी जी का मानना था कि संस्कृति के पहचान की लड़ाई बगैर उपनिवेशवद के खिलाफ संघर्ष से अधूरी रह जायेगी। उन्होने कहा कि केवल भारतीय दिखना ही नहीं बल्कि रहने के साथ भारतीयता का भाव भी होना चाहिए। उनके अनुसार गाँधी जी वसुधैव

कुटुम्बकम के मार्ग का सदैव अनुसरण किया तथा लोगों को इसका अनुसरण करने के लिए प्रेरित भी किया। उन्होने सदैव शोषण, असमानता एवं गरीबी का सदैव विरोध किया तथा इसके स्थयाी निराकरण का मार्ग भी बताया वे स्वदेशी के प्रबल पक्षधर रहे हैं। प्रो. वर्मा के अनुसार वैज्ञानिक प्रगति तथा विकास के चलते पूरा भूमण्डल एक वैश्विक गाँव हो गया है और सभी देश आपस में एक देश से दूसरे देश में आ जा सकते हैं। इस भूमण्डलकरण के कारण ही दुनिया सिमट कर काफी छोटी हो गयी।

धन्यवाद ज्ञापन करते हुए संगोष्ठी निदेशक प्रो. सुधांशु त्रिपाठी ने कहा कि भुमण्डलीकरण और गाँधी चिन्तन दो अत्यन्त वृहद भाव समेटे हुए शब्द हैं जिनका अन्मि लक्ष्य वसुधैव कुटुम्बकम है। भूमण्डलीकरण का वर्तमान आशय जिसे आर्थिक व्यापार, सूचना संचार, तकनीकी विकास के कारण वैश्विक समीपता के रूप में समझा जाता है। यह वास्तव में पूंजीवादी शक्तियों का षडयंत्र है, जिसके द्वारा वह विश्व में अविकसित एवं गरीब देशों के उपर अपना वर्चस्व बनाये रखना चाहते हैं। संगोष्ठी का निष्कर्ष यह था कि गाँधी जी के विचारों की प्रतिबद्धता को लेकर कार्य करें जिससे एक नये समाज तथा राष्ट्र का निर्माण हो सके जिसमें समानता, विश्व बन्धुत्व, मैत्री, करूणा तथा शान्ति का भाव हो।

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय,प्रयागराज

राष्ट्रीय संगोष्ठी

(06 एवं 07 दिसम्बर, 2018)

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् (ICSSR)
नई दिल्ली द्वारा अनुदानित

विषय–भारतीय संस्कृति में वैश्विक दृष्टि

संगोष्ठी प्रतिवेदन

आयोजक

समाज विज्ञान विद्याशाखा

राष्ट्रीय संगोष्ठी

विषय–भारतीय संस्कृति में वैश्विक दृष्टि

उ.प्र.राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय एवं भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् (ICSSR) नई दिल्ली द्वारा अनुदानित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी दिनांक–06 एवं 07 दिसम्बर 2018 को विश्वविद्यालय के सरस्वती परिसर स्थित लोकमान्य तिलक शास्त्रार्थ सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि प्रो. ईश्वर शरण विश्वकर्मा, अध्यक्ष ,उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग प्रयागराज एवं माननीय कुलपति जी तथा सभी विद्याशाखाओं के निदेशकगणों द्वारा दीप प्रजवल्लन एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पर्पित कर किया गया।

दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि एवं मा. कुलपति जी

कार्यक्रम का संचालन करते हुए श्री रमेश चन्द्र यादव एवं पुष्प गुच्छ द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत करती हुई

अतिथियों का स्वागत करते हुए संगोष्ठी निदेशक प्रो.सुधांशु त्रिपाठी

संगोष्ठी की पुस्तिका का विमोचन करते हुए मुख्य अतिथि, मा.कुलपति जी एवं संगोष्ठी के सदस्यगण

मुख्य अतिथि का व्याख्यान

मुख्य अतिथि ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि वर्तमान में सभ्य समाज के निर्माण हेतु एक नूतन दृष्टिकोण जिसको तीन वर्गो में–वैश्विक राष्ट्रीय एवं स्थानीय स्तर पर देखने की आवश्कता है। उन्होने 1200 ई0 से अब तक के भारतीय संस्कृति में हुए बदलाव का तार्किक एवं वैज्ञानिक ढ़ंग से विश्लेषण किया। ऋग्वेद की महत्ता भी वर्णन किया। उन्होने कहा कि भारतीय संस्कृति को विविध आयामों में देखने की आवश्यकता है। उन्होने पुराणों की महानता पर प्रकाश डाला एवं विचार, वाणी तथा क्रिया भारतीय संस्कृति के मुख्य लक्षण है। आत्मशोधन भारतीय संस्कृति की निधि है।

मा. कुलपति जी का उद्‌बोधन

मा. कुलपति जी अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि सभ्य समाज की निर्माण हेतु ज्ञान की महत्ता सर्वधिक रहा है। उन्होने कहा कि सम्पूर्ण विश्व भारत की तरफ देख रहा है। क्योकि हमारे पास समृद्ध संस्कृति एव मूल्य है जिसकी आज विश्व की आवश्यकता है। वर्तमान में औपनिवेशिक दृष्टिकोण को हटाने की आवश्यकता है एवं सीमित तरीके से संसाधनों का उपयोग करने की लिए प्रेरित किया।

प्रथम तकनीकी सत्र

डॉ0 आर. पी. एस. यादव, निदेशक, मानविकी विद्याशाखा ने प्रथम तकनीकी सत्र की अध्यक्षता की। स्रोत वक्ता प्रो0 हेरम्ब चतुर्वेदी, इतिहास विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद थे। प्रो0 हेरम्ब चतुर्वेदी ने कहा कि भारतीय संस्कृति के विविध आयाम है। उन्होने यह भी कहा कि इण्डो–ग्रीक सम्बन्धों के परिदृश्य पर प्रकाश डाला। संस्कृति एवं मूल्यों के व्यावहारिक पक्षों को समझाया।

प्रो. हेरम्ब चतुर्वेदी, इति, विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद को स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत करते हुए डॉ0 आर. पी. एस. यादव,,

व्याख्यान देते हुए जे. एन. यू. के डॉ. अनिल सिंह

जे0 एन0 यू0,नई दिल्ली के ग्रीक चेयर के असि. प्रोफेसर डॉ0 अनिल सिंह ने छात्रो, शोधकर्ताओं एवं शिक्षको का आवाहन करते हुए भारतीय–संस्कृति के अपने पुरातन रूप को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

अध्यक्षीय उद्‌बोधन डॉ. आर. पी. एस. यादव, निदेशक, मानविकी विद्याशाखा

द्वितीय तकनीकी सत्र

प्रो0 सुधांशु त्रिपाठी प्रभारी, समाज विज्ञान विद्याशाखा ने द्वितीय तकनीकी सत्र की अध्यक्षता की। इस सत्र के स्रोतवक्ता प्रो0 ओम प्रकाश श्रीवास्तव, प्राचीन इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग, इलाहाबाद वि.वि इलाहाबाद रहें जिन्होने अपने वक्तव्य में भारतीय संस्कृति के आध्यात्मिक एवं मानवीय मूल्यों का विस्तृत वर्णन करते हुए बताया कि आध्यात्म द्वारा भारतीय संस्कृति को कैसे पुर्नजीवित किया जा सकता है। उन्होने भारतीय इतिहास के अनेक सामाजार्थिक पहलुओ पर भी प्रकाश डाला। पूर्व मध्यकालीन सामन्तवादी व्यवस्था पर भी सम्य्क ढ़ंग से प्रकाश डाला ।

व्याख्यान देते हुए प्रो. ओम प्रकाश श्रीवास्तव, पूर्व आचार्य, प्राचीन इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग इलाहाबाद विश्वविद्यालय

अध्यक्षीय उद्‌बोधन प्रो. सुधांशु त्रिपाठी,प्रोफेसर राजनीति विज्ञान एवं प्रभारी समाज विज्ञान विद्याशाखा

तृतीय तकनीकी सत्र

प्रो. दिनेश कुमार ओझा, बी. एच. यू वाराणसी को स्मृति चिन्ह देते हुए संयोजक एवं आयोजन सचिव

प्रो. दिनेश कुमार ओझा, प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग, बी. एच. यू वाराणसी ने इस सत्र की अध्यक्षता करते उन्होने भारतीय संस्कृति और इतिहास लेखन की विविध आयामो एवं उपागमो का सम्यक एवं तार्किक ढंग से उल्लेख किया। उन्होने यह बताया कि भारतीय संस्कृति किस प्रकार बदलते मूल्यों एवं आवश्यकता अनुसार अपने को सत्त स्थापित करते रहती है। उन्होने भारतीय संस्कृति की विशिष्टताओ एवं विशेषताओ के विविध आयामों का उल्लेख किया ।

डॉ. राहुल राज, बी. एच. यू. वाराणसी को स्मृति चिन्ह देते हुए संयोजक एवं आयोजन सचिव

डॉ.राहुल राज, प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग, बी. एच. यू वाराणसी ने दक्षिण–पूर्व एशिया में बौद्व धर्म के माध्यम सें भारतीय संस्कृति के व्यापक प्रचार–प्रसार का उल्लेख किया। उन्होनें यह भी बताया कि किस प्रकार से भारतीय संस्कृति ने अपने विचारों एवं नैतिक मूल्यों के कारण अपना वृहद प्रभाव कला ,धर्म ,दर्शन आदि विभिन्न क्षेत्रों डाला।

चतुर्थ तकनीकी सत्र

प्रो.आशीष सक्सेना,विभागाध्यक्ष,समाजशास्त्र विभागा इलाहाबाद विश्वविद्यालय का स्वागत करते हुए डॉ.विनोद कुमार गुप्ता ,रमेश चन्द्र यादव, डॉ.दीपशिखा श्रीवास्तव एवं डॉ.बालकेश्वर

डॉ.बालकेश्वर का स्वागत करते हुए डॉ.विनोद कुमार गुप्ता, रमेश चन्द्र यादव एवं डॉ.दीपशिखा श्रीवास्तव

समापन सत्र

मुख्य अतिथि का पुष्प गुच्छ से स्वागत करती हुई डॉ.दीपशिखा श्रीवास्तव

मा.कुलपति जी का पुष्प गुच्छ से स्वागत करती हुई डॉ.साधना श्रीवास्तव

अतिथियो का स्वागत करते हुए संगोष्ठी निदेशक प्रो.सुधांशु त्रिपाठी

कार्यक्रम में संगोष्ठी का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए संयोजक डॉ.सन्तोषा कुमार

कार्यक्रम संयोजक डॉ. सन्तोषा कुमार ने बताया कि कुल चार तकनीकी सत्रों का आयोजन किया गया जिसमें कुल 144 (एक सौ चौवालिस) प्रतिभागियों के द्वारा पंजीकरण, प्रतिभाग एवं शोध पत्रों का वाचन किया गया।

कार्यक्रम में अपने अनुभव को साझा करते हुए प्रतिभागी

कार्यक्रम में अपने अनुभव को साझा करते हुए प्रतिभागी

मुख्य अतिथि को अंगवस्त्रम् एवं स्मृति चिन्ह से स्वागत करते हुए मा.कुलपति जी

प्रो.पृथ्वीश नाग,पूर्व कुलपति महात्मा गॉधी काशी विद्यापीठ,वाराणसी

समापन सत्र के मुख्य अतिथि महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी के पूर्व कुलपति एवं आई.आई.टी.,बी.एच.यू. के विजिटिंग प्रोफेसर डॉ.पी.नाग ने कहा कि भारतीय संस्कृति पूरे विश्व में व्याप्त है। जम्बिया से चाइना तक भारतीय संस्कृति की झलक दिखाई पड़ती है। उन्होने अपनी विदेश यात्राओं के संस्मरण सुनाते हुए कहा कि जाम्बिया ,ओमान,इग्लैण्ड,अमेरिका,चीन तथा वर्मा में भारतीय संस्कृति की जीती जागती तस्वीर दिखाई पड़ती है। उन्होने कहा कि आज पूरे विश्व को भारतीय संस्कृति के विशाल रूप को देखने की आवश्यकता है।

अपने अनुभव को साझा करते हुए प्रो.पृथ्वीश नाग,पूर्व कुलपति महात्मा गॉधी काशी विद्यापीठ,वाराणसी

सभागार में उपस्थित शिक्षकगण

मा.कुलपति जी का उद्‌बोधन

माननीय कुलपति प्रो.कामेश्वर नाथ सिंह ने समापन सत्र की अध्यक्षता करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति की विशालता स्वयं सिद्व है। हमारा अतीत गौरवशाली रहा है। आज विश्व का परिदृश्य बदल रहा है। भारतीय संस्कृति का विस्तार तभी हो सकता है जब हम सांस्कृतिक कुरीतियों.दहेज प्रथा,छूआछूत,स्वार्थ तथा भेद भावना पर प्रहार कर इनकी जड़ों को कमजोर करें।

धन्यवाद ज्ञापन करते हुए डॉ.आर.पी.एस.यादव,निदेशक मानविकी विद्याशाखा

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार

(04 अगस्त, 2021)

विषय—भारतीय सांस्कृतिक विरासत

वेबिनार प्रतिवेदन

संयोजक

प्रो.सन्तोषा कुमार

प्रभारी,समाज विज्ञान विद्याशाखा

आयोजन सचिव

सुनील कुमार

असिस्टेंट प्रोफेसर

आयोजक

समाज विज्ञान विद्याशाखा

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय,

प्रयागराज

मुख्य वक्ता का उद्‌बोधन

उ..प्र.राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के समाज विज्ञान विद्याशाखा के तत्वाधान में 04 अगस्त 2021 को **भारतीय सांस्कृतिक विरासत** विषय पर एक दिवसीय वेबिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रो.ओंकारनाथ सिंह, विभागाध्यक्ष, प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति एवं पुरात्त्व विभाग काशी हिन्दू विश्वविद्यालय,वारणसी रहे। उन्होने कहा कि अनेकता में एकता भारतीय संस्कुति का मूल मंत्र है। बसुधैव कुटुम्बकम भारतीय संस्कृति का मूल आधार है। संस्कृति किसी सामाज की मांसिक निधि का परिचायक होती है जिससे उस समाज के सर्वांगीण मूल्यांकन किया जाता है। उन्होने भारतीय सांस्कृतिक विरासत के अर्न्तगत मूर्त एवं अमूर्त तत्वो का अन्तर बताया। उन्होने बौद्ध परिपथ–सारनाथ, लुम्बनी, कुशीनगर का उल्लेख किया। प्रो. सिह ने प्राचीन भारत के महत्वपूर्ण शैक्षणिक संस्थानो जैसे तक्षशिला, नालन्दा, विक्रमशिलाा आदि संस्थानो के गौरव तथा महत्वपूर्ण योगदानो का उल्लेख किया। उन्हाने प्रसिद्ध इतिहासकार प्रो. राज बली पाण्डेय जी द्वारा संस्कृति के विभिन्न पक्षो जैसे बर्बरता, सभ्यता का उल्लेख किया। उन्होने भारत की धार्मिक परमपरा विविघता एवं धार्मिक सहिष्णुता का उल्लेख किया उन्होने काशी के राजघाट पुरास्थल के उत्खनन से प्राप्त पुरावशेषो के आधार पर काशी की प्राचीनता को

बताया। उन्होने यूनेस्को द्वारा धौलावीरा नामक पुरास्थल को विश्व विरासत की सूची में समिलित किये जाने की जानकारी दी। उन्होने सिक्को के आधार पर भारतीय संस्कृति के महत्व को रेखाकिंत करते हुए औदुम्बर नामक जनजाति द्वारा चलाये गये सिक्कों पर अंकित अंकनो के आधार पर उनकी संस्कृति का मूल्यांकन किया जा सकता है। प्रो0 सिंह ने संग्रहालय को और अत्यधिक समृद्ध किये जाने की आवश्यकता बताया जिससे भारतीय सांस्कृतिक विरासत का सम्यक मूल्यांकन किया जा सके। उन्होने भारत की सांस्कृतिक विविधता के महत्व का उल्लेख किया । आपने सिन्धु घाटी की सभ्यता के सांस्कृतिक महत्व का उल्लेख किया। भारतीय संस्कृति की मूल विशेषता—बसुधैव कुटुम्बकम की भावना पर आधारित है। आपने भारत की धार्मिक परम्परा का उल्लेख किया।

अतिथियों का परिचय एवं औपचारिक स्वागत करते हुए
प्रो. संतोषा कुमार
प्रभारी निदेशक
समाज विज्ञान विद्याशाखा

कार्यक्रम का संचालन करते हुए
सुनील कुमार
असिस्टेन्ट प्रोफेसर

सांस्कृतिक धरोहर प्रत्येक देश का आईना– आयुक्त

मुख्य अतिथि श्री संजय गोयल आयुक्त प्रयागराज मंडल ने कहा कि सांस्कृतिक धरोहर प्रत्येक देश का आईना होता है। उन्होंने भारत देश को महापुरुषों की कर्म स्थली बताते हुए कहा कि अनेकता में एकता ही भारतीय संस्कृति की पहचान है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता दूसरी संस्कृतियों को बिना क्षति पहुंचाए अपने अस्तित्व को बनाए रखना है। हमारे यहां अतिथि देवो भव की परंपरा भारतीय संस्कृति के मूल में रही है। मंडलायुक्त श्री गोयल ने भारतीय संविधान में वर्णित अधिकारों तथा कर्तव्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि हम सभी नागरिकों का यह परम कर्तव्य है कि हमें अपनी सांस्कृतिक विरासत का सम्मान तथा संरक्षण करना चाहिए। उन्होंने पूर्वोत्तर राज्यों में विभिन्न जनजातियों गारो, खासी तथा जयंतिया की जीवन शैली का उल्लेख किया तथा भाषाओं की विविधता के साथ–साथ धार्मिक विविधता जैनधर्म, बौद्ध धर्म का सिख धर्म का भी उल्लेख किया। श्री गोयल ने भारत की विभिन्न परंपराओं, त्योहारों तथा गंगा जमुनी संस्कृति का उल्लेख करते हुए प्रयागराज के कुंभ मेले के सांस्कृतिक महत्व को प्रतिपादित किया।

मुख्य अतिथि का व्याख्यान

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री संजय गोयल, आयुक्त प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज ने भारतीय संस्कृति के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सांस्कृतिक धरोहर प्रत्येक देश का आइना होता है। आपने भारतवर्ष को महापुरूषों की कर्मस्थली बताते हुए कहा कि अनेकता में एकता भारतीय संस्कृति की पहचान है। आपने पूर्वोत्तर भारत के विभिन्न राज्यों यथा–मेघालय,आसाम की विभिन्न जनजातियों जैसे–गारों,खासी तथा जयन्तिया आदि के जीवन शैली तथा उनकी सांस्कृतिक विशिष्टताओं का उल्लेख किया। आपने भाषाओं की विविधता के साथ–साथ धार्मिक विविधता का भी उल्लेख किया। अपने उद्बोधन में आपने भारत की विभिन्न परम्पराओं,त्यौहारों तथा गंगा–जमुनी संस्कृति का उल्लेख किया। अपने उद्बोधन में

कहा कि वर्तमान में सभ्य समाज के निर्माण हेतु एक नूतन दृष्टिकोण जिसको तीन वर्गो में–वैश्विक राष्ट्रीय एवं स्थानीय स्तर पर देखने की आवश्कता है। उन्होने 1200 ई0 से अब तक के भारतीय संस्कृति में हुए बदलाव का तार्किक एवं वैज्ञानिक ढ़ंग से विश्लेषण किया। ऋग्वेद की महत्ता भी वर्णन किया। उन्होने कहा कि भारतीय संस्कृति को विविध आयामों में देखने की आवश्यकता है। उन्होने पुराणों की महानता पर प्रकाश डाला एवं विचार, वाणी तथा क्रिया भारतीय संस्कृति के मुख्य लक्षण है। आत्मशोधन भारतीय संस्कृति की निधि है। मण्लायुक्त ने प्रयागराज की कुम्भ मेले की सास्कृति महत्व का उल्लेख किया।

सर्व समावेशी है भारतीय संस्कृति– प्रोफेसर सीमा सिंह

अध्यक्षता करते हुए उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने कहा कि भारतीय संस्कृति एक मूल्य दृष्टि है। संस्कृति देश की आत्मा तथा प्रेरणा स्रोत है। जिसके आधार पर राष्ट्र अपने लक्ष्य तथा आदर्शों का निर्माण करता है। संस्कृति संस्कारों की अभिव्यक्ति है। कुलपति प्रो0 सिंह ने प्राचीन भारत के महान विद्वानों तथा वैज्ञानिकों आर्यभट्ट, वराहमिहिर तथा पतंजलि जैसे प्रसिद्ध व्यक्तित्वों का उल्लेख करते हुए उन्हें भारत की धरोहर बताया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति सर्व समावेशी संस्कृति, मूल्यों, परम्पराओं तथा चिंतन का सुंदर समन्वय है।

मा0 कुलपति महोदया का उद्‌बोधन

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही विश्वविद्यालय की मा0 कुलपति प्रो0 सीमा सिंह महोदया ने भारतीय संस्कृतिक विरासत के महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति एक मूल्य दृष्टि है जो उससे निर्दिष्ट होने वाले प्रभावों एवं संस्कारो का नाम है। संस्कृति देश की

आत्मा तथा प्रेरणा स्रोत है जिसके आधार पर राष्ट्र अपने लक्ष्यों तथा आदर्शो का निर्माण करता है। संस्कृति संस्कारो की अभिव्यक्ति है जो मनुष्य के सामाजिक आचरण तथा व्यवहार में परिलक्षित होता है। यह मानवीय सद्गुणो की सुन्दर, समरस अभिव्यक्ति एवं व्याख्या है। उन्होने प्राचीन भारत के महान विद्वानो जैसे आर्यभटट् वराहमिहिर तथा पतंजलि जैसे प्रसिद्ध व्यक्तित्वों का उल्लेख किया। आपने उपने उद्बोधन में भारतीय संस्कृति को सर्व समावेशी संस्कृति, मूल्यों, परमपराओं का सुन्दर समन्वय बताया ।

उक्त कार्यक्रम में आनलाइन रूप से विभिन्न विद्याशाखाओं के निदेशकगण, आचार्य,सह आचार्य,सहायक आचार्य शैक्षणिक परामर्शदाता ने प्रतिभाग किया। इसके अलावा उत्तराखण्ड, छत्तीसगढ़,विहार आदि विभिन्न प्रान्तों के प्रतिभागियों ने भी प्रतिभाग किया। समाज विज्ञान विज्ञान विद्याशाखा के डॉ. आनन्दा नन्द त्रिपाठी, सह आचार्य, डॉ.संजय कुमार सिंह, सह आचार्य, श्री सुनील कुमार सहायक आचार्य, डॉ.त्रिविक्रम तिवारी, सहायक निदेशक, समाज विज्ञान विद्याशाखा, डॉ.रमेश चन्द्र यादव,शैक्षणिक परामर्शदाता,डॉ.दीपशिखा श्रीवास्वत, ,शैक्षणिक परामर्शदाता डॉ. अभिषेक सिंह, ,शैक्षणिक परामर्शदाता श्री मनोज कुमार,शैक्षणिक परामर्शदाता आदि उपस्थित रहे।

धन्यवाद ज्ञापन करते हुए
डॉ0 संजय कुमार सिंह

समय से पहले 'समय' पर नजर

न्यायाधीश

प्रयागराज, गुरूवार 05 अगस्त, 2021

सांस्कृतिक धरोहर प्रत्येक देश का आईना- मंडलायुक्त

सर्व समावेशी है भारतीय संस्कृति- प्रोफेसर सीमा सिंह,मुक्त विश्वविद्यालय में भारतीय सांस्कृतिक विरासत पर वेबीनार

Voice Of Allahabad NEWS

हिन्दी दैनिक

R.N.I No. UPHIN/2014/59094

वॉइस ऑफ इलाहाबाद

प्रयागराज वर्ष : 07 अंक: 256 पृष्ठ : 8 मूल्य : 1 रुपया गुरुवार 05 अगस्त 2021

Voice Of Allahabad - Hindi Dainik E-mail:-voiceofallahabadnews@gmail.com www.voiceofallahabad.com

खबर वही जो सच हो..

सांस्कृतिक धरोहर प्रत्येक देश का आईनाः मण्डलायुक्त

सर्व समावेशी है भारतीय संस्कृतिः प्रो सीमा सिंह,मुक्त विवि में भारतीय सांस्कृतिक विरासत पर वेबीनार

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के समाज विज्ञान विद्या शाखा के तत्वावधान में बुधवार को "भारतीय सांस्कृतिक विरासत" पर राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि आयुक्त, प्रयागराज मंडल संजय गोयल ने कहा कि सांस्कृतिक धरोहर प्रत्येक देश का आईना होता है। उन्होंने भारत देश को महापुरुषों की कर्मस्थली बताते हुए कहा कि अनेकता में एकता ही भारतीय संस्कृति की पहचान है। भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता दूसरी संस्कृतियों को बिना क्षति पहुंचाए अपने अस्तित्व को बनाए रखना है। हमारे यहां अतिथि देवो भव की परम्परा भारतीय संस्कृति के मूल में रही है।

मंडलायुक्त श्री गोयल ने भारतीय संविधान में वर्णित अधिकारों तथा कर्तव्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि हम सभी नागरिकों का यह परम कर्तव्य है कि हमें अपनी सांस्कृतिक विरासत का सम्मान तथा संरक्षण करना चाहिए। उन्होंने पूर्वोत्तर राज्यों में विभिन्न जनजातियों गारो, खासी तथा जयंतिया की जीवन शैली का उल्लेख किया तथा भाषाओं की विविधता के साथ-साथ धार्मिक विविधता जैन धर्म, बौद्ध धर्म का सिख धर्म का भी उल्लेख किया। श्री गोयल ने भारत की विभिन्न परम्पराओं, त्यौहारों तथा गंगा जमुनी संस्कृति का उल्लेख करते हुए प्रयागराज के कुम्भ मेले के सांस्कृतिक महत्व को प्रतिपादित किया। अध्यक्षता करते हुए उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विवि की कुलपति प्रो. सीमा सिंह ने कहा कि भारतीय संस्कृति एक मूल्य दृष्टि है। संस्कृति देश की आत्मा तथा प्रेरणास्रोत है। जिसके आधार पर राष्ट्र अपने लक्षण तथा आदर्शों का निर्माण करता है। संस्कृति संस्कारों की अभिव्यक्ति है। कुलपति ने प्राचीन भारत के महान विद्वानों तथा वैज्ञानिकों आर्यभट्ट, वाराह मिहिर तथा पतंजलि जैसे प्रसिद्ध व्यक्तियों का उल्लेख करते हुए उन्हें भारत की धरोहर बताया। कहा कि भारतीय संस्कृति सर्वसमावेशी संस्कृति, मूल्यों, परम्पराओं तथा चिंतन का सुंदर समन्वय है।

वेबीनार के मुख्य वक्ता प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग, काशी हिंदू विश्वविद्यालय विभागाध्यक्ष प्रो ओंकार नाथ सिंह ने भारतीय संस्कृति का उल्लेख करते हुए भारतीय एकता को मूल तत्व बताया। उन्होंने सिंधु सभ्यता के सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला तथा काशी क्षेत्र स्थित सारनाथ के ऐतिहासिक महत्व का उल्लेख किया। उन्होंने बौद्ध परिपथ, सारनाथ, लुम्बिनी, बोधगया तथा कुशीनगर के ऐतिहासिक महत्व का उल्लेख किया। उन्होंने गुजरात में धौलावीरा नामक पुरातात्विक स्थल को यूनेस्को द्वारा विश्व विरासत की सूची में शामिल किए जाने की नवीनतम जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम का संचालन तथा संयोजन डॉ सुनील कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ संजय कुमार सिंह ने किया। राष्ट्रीय वेबीनार में डॉ आनंदानंद त्रिपाठी, डॉ त्रिविक्रम तिवारी, रमेश चंद्र यादव, डॉ दीपशिखा श्रीवास्तव, डॉ अभिषेक सिंह, मनोज कुमार तथा उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, उत्तर प्रदेश आदि राज्यों से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

हिन्दी दैनिक

इलाहाबाद एक्सप्रेस

इलाहाबाद एक्सप्रेस | प्रयागराज

सांस्कृतिक धरोहर प्रत्येक देश का आईना : मण्डलायुक्त

सर्व समावेशी है भारतीय संस्कृति : प्रो सीमा सिंह, मुक्त विवि में भारतीय सांस्कृतिक विरासत पर वेबीनार

मण्डलायुक्त ने अधिकारियों को बाढ़ के दृष्टिगत सतर्क रहने के दिये निर्देश

---

www.sahajsatta.in

facebook.com/sahajsatta.allahabad

सहजसत्ता

सत्य की सत्ता को समर्पित

वर्ष 14 अंक 50 पृष्ठ-8 प्रयागराज गुरुवार, 5 अगस्त, 2021 मूल्य 1.00 रुपये मात्र

सांस्कृतिक धरोहर प्रत्येक देश का आईनाः मण्डलायुक्त

प्रयागराज(नि.सं.)। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के समाज विज्ञान विद्या शाखा के तत्वावधान में बुधवार को "भारतीय सांस्कृतिक विरासत" पर राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि आयुक्त, प्रयागराज मंडल संजय गोयल ने कहा कि सांस्कृतिक धरोहर प्रत्येक देश का आईना होता है। उन्होंने भारत देश को महापुरुषों की कर्मस्थली बताते हुए कहा कि अनेकता में एकता ही भारतीय संस्कृति की पहचान है। भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता दूसरी संस्कृतियों को बिना क्षति पहुंचाए अपने अस्तित्व को बनाए रखना है। हमारे यहां अतिथि देवो भव की परम्परा भारतीय संस्कृति के मूल में रही है।

मंडलायुक्त श्री गोयल ने भारतीय संविधान में वर्णित अधिकारों तथा कर्तव्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि हम सभी नागरिकों का यह परम कर्तव्य है कि हमें अपनी सांस्कृतिक विरासत का सम्मान तथा संरक्षण करना चाहिए। उन्होंने पूर्वोत्तर राज्यों में विभिन्न जनजातियों गारो, खासी तथा जयंतिया की जीवन शैली का उल्लेख किया तथा भाषाओं की विविधता के साथ-साथ धार्मिक विविधता जैन धर्म, बौद्ध धर्म का सिख धर्म का भी उल्लेख किया। श्री गोयल ने भारत की विभिन्न परम्पराओं, त्योहारों तथा गंगा जमुनी संस्कृति का उल्लेख करते हुए प्रयागराज के कुम्भ मेले के सांस्कृतिक महत्व को प्रतिपादित किया।अध्यक्षता करते हुए उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विवि की कुलपति प्रो. सीमा सिंह ने कहा कि भारतीय संस्कृति एक मूल्य दृष्टि है। संस्कृति देश की आत्मा तथा प्रेरणास्रोत है। जिसके आधार पर राष्ट्र अपने लक्षण तथा आदर्शों का निर्माण करता है। संस्कृति संस्कारों की अभिव्यक्ति है। कुलपति ने प्राचीन भारत के महान विद्वानों तथा वैज्ञानिकों आर्यभट्ट, वाराह मिहिर तथा पतंजलि जैसे प्रसिद्ध व्यक्तियों का उल्लेख करते हुए उन्हें भारत की धरोहर बताया। कहा कि भारतीय संस्कृति सर्वसमावेशी संस्कृति, मूल्यों, परम्पराओं तथा चिंतन का सुंदर समन्वय है।

वेबीनार के मुख्य वक्ता प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग, काशी हिंदू विश्वविद्यालय विभागाध्यक्ष प्रो ओंकार नाथ सिंह ने भारतीय संस्कृति का उल्लेख करते हुए भारतीय एकता को मूल तत्व बताया। उन्होंने सिंधु सभ्यता के सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला तथा काशी क्षेत्र स्थित सारनाथ के ऐतिहासिक महत्व का उल्लेख किया। उन्होंने बौद्ध परिपथ, सारनाथ, लुम्बिनी, बोधगया तथा कुशीनगर के ऐतिहासिक महत्व का उल्लेख किया। उन्होंने गुजरात में धौलावीरा नामक पुरातात्विक स्थल को यूनेस्को द्वारा विश्व विरासत की सूची में शामिल किए जाने की नवीनतम जानकारी प्रदान की।कार्यक्रम का संचालन तथा संयोजन डॉ सुनील कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ संजय कुमार सिंह ने किया। राष्ट्रीय वेबीनार में डॉ आनंदानंद त्रिपाठी, डॉ त्रिविक्रम तिवारी, रमेश चंद्र यादव, डॉ दीपशिखा श्रीवास्तव, डॉ अभिषेक सिंह, मनोज कुमार तथा उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, उत्तर प्रदेश आदि राज्यों से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

दैनिक सच्चाई की जंग

लोकमित्र

वर्ष : 27 | अंक : 275 प्रयागराज | गुरुवार, 5 अगस्त-2021 पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

सांस्कृतिक धरोहर प्रत्येक देश का आईना- मंडलायुक्त

सर्व समावेशी है भारतीय संस्कृति- प्रोफेसर सीमा सिंह मुक्त विश्वविद्यालय में भारतीय सांस्कृतिक विरासत पर वेबीनार

पायनियर

लखनऊ, बृहस्पतिवार, 5 अगस्त, 2021

प्रत्येक देश का आईना है सांस्कृतिक धरोहरः कमिश्नर

- सर्व समावेशी है भारतीय संस्कृतिः प्रो. सीमा
- मुक्त विवि में भारतीय सांस्कृतिक विरासत पर वेबिनार आयोजित

वेबिनार में शामिल कमिश्नर और कुलपति।

प्रयागराज। उप्र राजर्षि टंडन मुक्त विवि के समाज विज्ञान विद्या शाखा के तत्वावधान में बुधवार को भारतीय सांस्कृतिक विरासत विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि कमिश्नर संजय कुमार गोयल ने कहा कि सांस्कृतिक धरोहर प्रत्येक देश का आईना होता है। भारत देश को महापुरुषों की कर्मस्थली बताते हुए कहा कि अनेकता में एकता ही भारतीय संस्कृति की पहचान है। भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता दूसरी संस्कृतियों को बिना क्षति पहुंचाए अपने अस्तित्व को बनाए रखना है। गोयल ने भारतीय संविधान में वर्णित अधिकारों तथा कर्तव्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि सभी नागरिकों का यह परम कर्तव्य है कि हमें अपनी सांस्कृतिक विरासत का सम्मान तथा संरक्षण करना चाहिए। भाषाओं की विविधता के साथ साथ धार्मिक विविधता जैन धर्म बौद्ध धर्म सिख धर्म का भी उल्लेख किया। गोयल ने भारत की विभिन्न परंपराओं त्योहारों तथा गंगा जमुनी संस्कृति का उल्लेख करते हुए प्रयागराज के कुंभ मेले के सांस्कृतिक महत्व को बताया।

अध्यक्षता कर रहीं कुलपति प्रो सीमा सिंह ने कहा कि भारतीय संस्कृति एक मूल्य दृष्टि है। संस्कृति देश की आत्मा तथा प्रेरणा स्रोत है। जिसके आधार पर राष्ट्र अपने लक्षण तथा आदर्शों का निर्माण करता है। संस्कृति संस्कारों की अभिव्यक्ति है। कुलपति प्रो सिंह ने प्राचीन भारत के महान विद्वानों तथा वैज्ञानिकों आर्यभट्ट वाराहमिहिर तथा पतंजलि जैसे प्रसिद्ध व्यक्तित्वों का उल्लेख करते हुए उन्हें भारत की धरोहर बताया।

भारतीय संस्कृति सर्व समावेशी संस्कृति मूल्यों परंपराओं तथा चिंतन का सुंदर समन्वय है। मुख्य वक्ता प्रो ओंकार नाथ सिंह विभागाध्यक्ष प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग काशी हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी ने भारतीय संस्कृति का उल्लेख किया। उन्होंने बौद्ध परिपथ सारनाथ लुंबिनी बोधगया तथा कुशीनगर के ऐतिहासिक महत्व का भी उल्लेख किया। अतिथियों का स्वागत वेबिनार के संयोजक प्रो एस कुमार ने किया। संचालन तथा संयोजन डा सुनील कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन डा संजय कुमार सिंह ने किया। राष्ट्रीय वेबिनार में डा आनंदानंद त्रिपाठी डा त्रिविक्रम तिवारी रमेश चंद्र यादव डा दीपशिखा श्रीवास्तव डा अभिषेक सिंह मनोज कुमार आदि रहे।

दैनिक कर्मठ
राष्ट्रीय एकता के प्रति समर्पित
प्रयागराज, गुरुवार, 05 अगस्त 2021 विक्रम संवत 2078 प्रात: संस्करण ईमेल -dainikkarmath@gmail.com पृष्ठ : 08

सांस्कृतिक धरोहर प्रत्येक देश का आईना- मंडलायुक्त
सर्व समावेशी है भारतीय संस्कृति- प्रोफेसर सीमा सिंह
मुक्तविश्वविद्यालय में भारतीय सांस्कृतिक विरासत पर वेबीनार

Prayagraj, Thursday 5 August 2021 WEBSITE : www.jeevanexpress.in

JEEVAN EXPRESS

Cultural heritage mirror of every country: Divisional Commissioner

Webinar on Indian Cultural Heritage held at Open University

STAFF REPORTER

PRAYAGRAJ: A one-day national webinar on the topic of Indian Cultural Heritage was organized under the aegis of Social Science Vidya Branch of Uttar Pradesh Rajarshi Tandon Open University on Wednesday. On this occasion, Chief Guest Commissioner Prayagraj Division Sanjay Goyal said that cultural heritage is the mirror of every country. Describing the country of India as the work place of great men, he said that unity in diversity is the identity of Indian culture. He said that the biggest feature of Indian culture is to maintain its existence without harming other cultures.

Presiding over Vice Chancellor, Uttar Pradesh Rajarshi Tandon Open University, Prof. Seema Singh said that Indian culture is a value vision. Culture is the soul and source of inspiration of the country. On the basis of which the nation builds its characteristics and ideals.

On this occasion, the keynote speaker of the webinar, HoD Ancient Indian History, Culture and Archaeology, Banaras Hindu University, Varanasi Prof. Omkar Nath Singh mentioned Indian culture as the basic element of Indian unity. At the beginning of the program, the convener of the webinar, Professor S Kumar welcomed the guests. The program was conducted and coordinated by Dr. Sunil Kumar and vote of thanks by Dr. Sanjay Kumar Singh.

Dr. Anand Tripathi, Dr. Trivikram Tiwari, Ramesh Chandra Yadav, Dr. Deepshikha Srivastava, Dr. Abhishek Singh, Manoj along with participants from several States including Uttarakhand, Chhattisgarh, Bihar and Uttar Pradesh.

www.rajexpress.co

सच कहने का साहस और सलीका

राज एक्सप्रेस

ग्वालियर

सांस्कृतिक धरोहर प्रत्येक देश का आईना : मंडलायुक्त

प्रयागराज, (ब्यूरो)। उप्र राजर्षि टंडन मुक्त विवि के समाज विज्ञान विद्या शाखा के तत्वावधान में बुधवार को भारतीय सांस्कृतिक विरासत विषय पर राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि संजय गोयल आयुक्त प्रयागराज मंडल ने कहा कि सांस्कृतिक धरोहर प्रत्येक देश का आईना होता है। उन्होंने भारत देश को महापुरुषों की कर्म स्थली बताते हुए कहा कि अनेकता में एकता ही भारतीय संस्कृति की पहचान है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता दूसरी संस्कृतियों को बिना क्षति पहुंचाए अपने अस्तित्व को बनाए रखना है। हमारे यहां अतिथि देवो भव की परंपरा भारतीय संस्कृति के मूल में रही है। हम सभी नागरिकों का यह परम कर्तव्य है कि हमें अपनी सांस्कृतिक विरासत का सम्मान तथा संरक्षण करना चाहिए। उन्होंने पूर्वोत्तर राज्यों में विभिन्न जनजातियों गारो, खासी तथा जयंतिया की जीवन शैली का उल्लेख किया तथा भाषाओं की विविधता के साथ-साथ धार्मिक विविधता जैनधर्म, बौद्ध धर्म का सिख धर्म का भी उल्लेख किया। राष्ट्रीय वेबीनार में डॉ. आनंदानंद त्रिपाठी, डॉ त्रिविक्रम तिवारी, रमेश चंद्र यादव, डॉ दीपशिखा श्रीवास्तव, डॉ. अभिषेक सिंह, मनोज कुमार तथा उत्तराखंड, छग, बिहार, उप्र आदि राज्यों से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

प्रयागराज, गुरुवार, 5 अगस्त 2021

जनसंदेश टाइम्स
परख सच की

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित

अनेकता में एकता ही भारतीय संस्कृति की पहचान : मंडलायुक्त

वेबिनार

संस्कृति देश की आत्मा तथा प्रेरणा स्रोत है : प्रो सीमा सिंह

जनसंदेश न्यूज

राष्ट्रीय वेबिनार में बोलते मण्डलायुक्त व अन्य

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के समाज विज्ञान विद्या शाखा की ओर से बुधवार को भारतीय सांस्कृतिक विरासत विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मंडलायुक्त आशीष गोयल ने कहा कि अनेकता में एकता ही भारतीय संस्कृति की पहचान है। संस्कृतियां हर देश की धरोहर तथा आईना होता है। उन्होंने भारतीय संस्कृति की विशेषता बताते हुए कहा कि दूसरी संस्कृतियों को बिना क्षति पहुंचाए अपने अस्तित्व को बनाए रखना है। हमारे यहां अतिथि देवो भव की परंपरा भारतीय संस्कृति के मूल में रही है। मंडलायुक्त श्री गोयल ने भारतीय संविधान में वर्णित अधिकारों तथा कर्तव्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि हम सभी नागरिकों का यह परम कर्तव्य है कि हमें अपनी सांस्कृतिक विरासत का सम्मान तथा संरक्षण करना चाहिए। वेबीनार की अध्यक्षता करते हुए मुक्त विश्वविद्यालय की कुलपति प्रों

सीमा सिंह ने कहा कि भारतीय संस्कृति एक मूल्य दृष्टि है। संस्कृति देश की आत्मा तथा प्रेरणा स्रोत है। जिसके आधार पर राष्ट्र अपने लक्षण तथा आदर्शों का निर्माण करता है। इस अवसर पर वेबीनार के मुख्य वक्ता प्रोफेसर ओंकार नाथ सिंह, विभागाध्यक्ष, प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग, काशी हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी ने भारतीय संस्कृति का उल्लेख करते हुए भारतीय एकता को मूल तत्व बताया। उन्होंने सिंधु सभ्यता के सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला तथा काशी क्षेत्र में स्थित सारनाथ के ऐतिहासिक महत्व का उल्लेख किया। उन्होंने बौद्ध परिपथ, सारनाथ, लुंबिनी, बोधगया तथा कुशीनगर के ऐतिहासिक महत्व का उल्लेख किया। साथ ही गुजरात में धौलावीरा नामक पुरातात्विक स्थल को यूनेस्को द्वारा विश्व विरासत की सूची में शामिल किए जाने की नवीनतम जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर वेबीनार संयोजक प्रोफेसर एस कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन तथा संयोजन डॉ सुनील कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ संजय कुमार सिंह ने किया। राष्ट्रीय वेबीनार में डॉ आनंदानंद त्रिपाठी, डॉ त्रिविक्रम तिवारी, रमेश चंद्र यादव, डॉ दीपशिखा श्रीवास्तव, डॉ अभिषेक सिंह, मनोज कुमार तथा उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, उत्तर प्रदेश आदि राज्यों से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

उत्तर प्रदेष राजर्षि टण्डन मुक्त विष्वविद्यालय, इलाहाबाद

राष्ट्रीय संगोष्ठी

‘ग्रीन सोशल वर्क’

(Green Social Work)

11, मार्च, 2015

प्रतिवेदन

आयोजक

समाज विज्ञान विद्याशाखा

उत्तर प्रदेष राजर्षि टण्डन मुक्त विष्वविद्यालय, इलाहाबाद
सेक्टर–एफ, शान्तिपुरम् (फाफामऊ), इलाहाबाद–211013
Web. www.uprtou.ac.in

राष्ट्रीय संगोष्ठी

‘ग्रीन सोषल वर्क’

(Green Social Work)

11मार्च, 2015

संरक्षक

प्रो0 एम.पी. दुबे

संयोजक

डॉ0 एम.एन. सिंह

आयोजन सचिव

डॉ0 अल्का वर्मा

आयोजन समिति

डॉ0 इति तिवारी
डॉ0 एस. कुमार
डॉ0 श्रुति
डॉ0 गिरीष कुमार
डॉ0 रंजना श्रीवास्तव

डॉ0 स्मिता अग्रवाल
डॉ0 दीपषिखा श्रीवास्तव
डॉ0 सतीष कलौंजिया
श्री रमेष चन्द्र यादव

संगोष्ठी का प्रारम्भ मुख्य अतिथि माननीय प्रो0 षिवाकान्त ओझा, प्राविधिक षिक्षा मंत्री उत्तर प्रदेष सरकार, अध्यक्ष प्रो. एम0पी0 दुबे, माननीय कुलपति, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विष्वविद्यालय, इलाहाबाद, मुख्य वक्ता प्रो0 आर0एन0 सिंह द्वारा दीप प्रज्जवल कर एवं माँ सरस्वती एवं राजर्षि पुरुषोत्तम दास टण्डन जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में सरस्तवी वन्दना एवं विष्वविद्यालय कुलगीत प्रस्तुत किया गया एवं सभी अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ प्रदान कर किया गया।

वेबसाइट का उद्घाटन–

सर्वप्रथम माननीय प्रो. षिवाकान्त ओझाजी द्वारा नयी तकनीकि पर आधारित विष्वविद्यालय की नयी साइट 'सिंगल विन्डो आपरेषन' का उद्घाटन किया गया। इस विन्डो साइट के द्वारा विष्वविद्यालय के समस्त क्रियाकलापों को पहले ही पैनल पर देखा जा सकता है। शारीरिक रुप से असक्षम (विकलांग) छात्र छात्राओं के लिए एक विषेष सुविधा वेबसाइट पर दी गयी है, जिसके अन्तर्गत जिन छात्रों को फोल्डर को बड़ा करके देख सकते है, एवं आडियों के जरिये वेबसाइट की सारी सूचनाओं एवं जानकारियों को सुन भी सकते है। कलर ब्लाइंडनेष छात्रों के लिये मल्टीकलर आबॅसन की सुविधा की उपलब्ध करायी गयी है।

उद्घाटन सत्र–

विष्वविद्यालय की इस नवीन वेबसाइट के उद्घाटन के उपरान्त संगोष्ठी का उद्घाटन सत्र प्रारम्भ किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि माननीय प्रो0 षिवाकान्त ओझा जी, प्राविधिक षिक्षा मंत्री, उत्तर प्रदेष सरकार, उत्तर प्रदेष, संगोष्ठी के अध्यक्ष प्रो0 एम0पी0 दुबे, माननीय कुलपति, उत्तर प्रदेष राजर्षि टण्डन मुक्त विष्वविद्यालय, इलाहाबाद एवं मुख्य वक्ता प्रो0 आर0एन0 सिंह हेतवती नन्दन बहुगुणा विष्वविद्यालय, गढ़वाल रहे।

संगोष्ठी के प्रारम्भ में संगोष्ठी के संयोजक डॉ0 एम0एन0 सिंह जी द्वारा सभी अतिथियों का परिचय एवं अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया गया। संगोष्ठी का आयोजन सचिव, डॉ0 अल्का वर्मा संगोष्ठी की आयोजन सचिव द्वारा संगोष्ठी विषय प्रवर्तन को स्पष्ट किया गया।

प्रो0 आर0 एन0 सिंह संगोष्ठी के मुख्य वक्ता प्रो0 आर0एन0 सिंह, हेमवती नन्दन बहुगुणा विष्वविद्यालय, गढ़वाल ने प्रतिभागियों को स्पष्ट किया कि ग्रीन शब्द पूरे पर्यावरण के लिये प्रयुक्त होता है। उन्होंने पर्यावरण केन्द्रित समाज कार्य, पर्यावरण एवं मानव किस प्रकार एक दूसरे के पूरक है पर विषेष प्रकाष डाला।

माननीय प्रो0 माननीय षिवाकान्त ओझाजी–

तदोपरान्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय प्रो0 षिवाकान्त ओझा जी ने उद्बोधन में कहा कि विकास की अन्धाधुन्ध दौड़ में हम विनाष की ओर बढ़ रहे हैं, पर्यावरण जो हमें जीवन देते है उसे नुकसान पहुँचा रहे है, नष्ट कर रहे हैं, जबकि विकास समाज के लिये होना चाहिये न कि विनाष के लिये। उन्होंने ग्रीन सोषल वर्क विषय लेकर संगोष्ठी आयोजन करने की प्रषंसा की एवं कहा कि ऐसे गम्भीर विषयों पर चर्चायें किया जाना अति आवष्यक है।

माननीय प्रो0 एम0पी0 दुबे जी–

तदोपरान्त माननीय कुलपति, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विष्वविद्यालय, इलाहाबाद, प्रो0 एम0पी0 दुबे ने अपना अध्यक्षीय उद्बोधन दिया। उन्होंने बताया कि विष्वविद्यालय में ग्रीन सोषल वर्क एक नये विषय के रुप में प्रारम्भ किया जा रहा है और इसी क्रम में लोगों के जागरुक, जानकारी एवं विषय पर समझ बढ़ाने के लिये इस संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि यह एक नये प्रकार का सामाजिक आन्दोलन है एवं समय एवं आवष्यकता के साथ–साथ आन्दोलनों का स्वरुप भी बदलता रहता है और बदलना भी चाहिये। पर्यावरण एवं विकास एक दूसरे से जुड़े हुये है एवं समाज कार्य दोनों के बीच की एक

कड़ी है। मानव समाज से जुड़े हुये ऐसे विषय जो मुनष्य को सीधे प्रभावित करते है, पर चर्चा कि एवं चिन्तन किये जाने की आवष्यकता है।

शोध पत्र संक्षिप्तिका विमोचन—

